FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना रामगढ़ दिनांक 10-06-2026 जनपद फिरोजाबाद।

थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 07-06-2026 को एक बच्ची के साथ मस्जिद में गलत काम करने व जान से मारने की धमकी देने वाले अभियुक्त जाकिर हाफिज को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गिरफ्तार।

दिनांक 07.06.2026 को दिन में समय करीब 13.00 बजे वादिया की पुत्री मस्जिद में लगे ठंडे पानी के वाटर कूलर से पानी भरने के लिए गई थी, तभी मस्जिद में प्रतिवादी जाकिर हाफिज ने वादिया की पुत्री को अकेला देखकर जबरन पकड़ लिया और मुँह दबाकर अपने कमरे में ले गया और वादिया की पुत्री के साथ जबरदस्ती गलत काम किया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। वादिया की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 359/26 धारा 65(1),351(2),115(2) बीएनएस व 5f/6 पॉक्सों एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी।

उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा आज दिनाँक 10-06-2026 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जाकिर हाफिज अपराधी कहीं भागने की फिराक में है। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी दबिश दी गयी जिसमें पुलिस को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त हाफिज जाकिर द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया गया। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व 02 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 359/2026 धारा 65(1),351(2),115(2) बीएनएस व 5f/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है। अन्य अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

01-जाकिर हाफिज पुत्र बाबू खाँ निवासी दीदामई नूरनगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

अभियुक्त से बरामदगी का विवरण-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 खोखा करातूस 315 बोर।
3. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

(1)-- जाकिर हाफिज पुत्र बाबूँ खां निवासी पुराने थाने के सामने वाली गली मोहल्ला हबीबगंज थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद

1-मु0अ0सं0 359/2026 धारा 65(1)/115(2)/351(2) बीएनएस व 5एफ/6 पोक्सो एक्ट थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद

2- मु0अ0स0 363/2026 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट व 109(1) बीएनएस थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 राजकुमार सिंह थाना रामगढ फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 तरुण अहलावत थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 रोहित तोमर थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
6. का0 1143 दीपक कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
7. का0 144 शुभम तेवतिया थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
8. है0का0 गोपाल सिंह तैनाती सर्विलांस सैल फिरोजाबाद